मोहे लागे अति प्यारो मोर मुकुट वालो

मोहे लागे अति प्यारो मोर मुकुट वालो,

यमुना पे जाऊ तो पीछे पीछे आवे,
मुरली में मीठे मीठे राग सुनावे ,
स्वर मुरली को न्यारो,
हो प्यारो मोर मुकुट वालो,
मोहे लागे अति प्यारो मोर मुकुट वालो,

छोटे छोटे हाथां से मटकी गिरावे,
मीठी मीठी बत्तियां से मुझको रिजावे,
मेरी अँखियाँ को तारे,
हो प्यारो मोर मुकुट वालो,
मोहे लागे अति प्यारो मोर मुकुट वालो,

मोटे मोटे नैनं में झीनो झीनो कजरा,
लट घुंघराली जैसे काले काले बदला,
मधुर चित चुरा लियो म्हारो,
हो प्यारो मोर मुकुट वालो,
मोहे लागे अति प्यारो मोर मुकुट वालो,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12964/title/mohe-laage-ati-pyaaro-mor-mukat-vaalo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |